पुनाा International School
Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

| Assignment SA-1(2025-26) | | | |
|---|---|---|---|
| Name | | Grade – 2 | Subject - Hindi |

**प्रश्न १.अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

मैं पुस्तक हूं। मैं तुम्हारी अपनी पुस्तक हूं। अगर तुम मुझसे प्यार करोगे तो बड़े बन जाओगे। मैं ज्ञान का भंडार हूं। आदमी को आदमी मैंने बनाया है। आदमी पढ़ सकता है, पशु नहीं पढ़ सकते। मुझे ध्यान से पढ़ने वाला ज्ञानी बन जाता है। मुझे प्रेम से पढ़ने वाला महान बन जाता है। इसलिए मैं कहती हूं कि मुझे ध्यान से पढ़ा करो। मैं यह नहीं कहती कि तुम खेला ना करो। खेलना भी आवश्यक है पर पढ़ना उससे भी अधिक आवश्यक है।

**प्र.१. पुस्तक किसका भंडार है ?**

उ. पुस्तक ज्ञान का भंडार है।

**प्र.२. मनुष्य को आदमी किसने बनाया ?**

उ. पुस्तक ने।

**प्र.३. मुझे प्रेम से पढ़ने वाला क्या बन जाता है ?**

उ. पुस्तक को प्रेम से पढ़ने वाला महान बन जाता है।

**प्र.४. मुझे ध्यान से पढ़ने वाला क्या बन जाता है ?**

उ. पुस्तक को ध्यान से पढ़ने वाला ज्ञानी बन जाता है।

**पक्षियों की पारी**

एक दिन,गर्मी के मौसम में, सिंधु और आकाश पार्क में खेल रहे थे। अचानक, उन्होंने देखा कि ऊंची ऊंची उड़ने वाली अनेक चिड़ियाएं उनके पास आ रही है । चिड़ियाओं की मधुर चहचहाट सुनकर सिंधु और आकाश खुश हो गए। चिड़ियाएं अपने रंगीन पंख दिखाती हुई, आसमान में उड़ गई। सिंधु ने आकाश से चिड़ियाओं के बारे में बहुत सी बातें सीखी और वे दोस्त बन गए।

**प्र.१. कहानी के मुख्य पात्र के नाम क्या है?**

उ. सिंधु और आकाश।

**प्र.२. चिड़ियाओं की आवाज कैसी थी ?**

उ. चिड़ियाओं की आवाज मधुर थी।

**प्रश्न ३ चिड़ियाओं के पंख कैसे थे ?**

उ. चिड़ियाओं के पंख रंगीन थे।

**प्रश्न ४.सिंधु और आकाश कहां खेल रहे थे ?**

उ. पार्क में।

**प्रश्न ५ सिंधु ने आकाश से किसके बारे में सीखा ?**

उ. चिड़ियाओं के बारे में।

**प्रश्न २. वचन लिखिए।**

१. लड़का – लड़के
२. टोपी – टोपियां
३. चिड़िया – चिड़िया
४. पंखा - पंखे
५. हवा - हवाएं
६. बात – बातें
७. आंख - आंखें
८. माला - मालाएं
९. पुस्तक - पुस्तकें
१०. कक्षा - कक्षाएं
११. थाली - थालियां
१२. नदी – नदियां

**प्रश्न ३.विलोम शब्द लिखिए।**

१. प्रश्न – उत्तर
२. भला – बुरा
३. मित्र - शत्रु
४. अमीर – गरीब
५. अंधेरा – उजाला
६. दिन – रात
७. अंदर – बाहर
८. अकाल - सुकाल
९. निर्मल - मलिन
१०. सही - गलत
११. सफल - असफल
१२. पाप – पुण्य
१३. मान - अपमान
१४. छोटा - बड़ा

**प्रश्न ४. शब्दार्थ लिखिए।**

१. आकाश – आसमान
२. निर्मल – साफ
८. पंछी - पक्षी
९. वृक्ष - पेड़

| | |
|---|---|
| ३. मधुर – मीठे | १० नभ - आकाश |
| ४. हकीकत – सच्चाई | ११. चुनिया - दुपट्टा |
| ५. ख्वाब – सपना | १२. आनंद - खुशी |
| ६ . रंग-बिरंगे - रंगों से भरपूर | १३. दिवस - दिन |
| ७. लजीज स्वादिष्ट | १४. समुद्र - सागर |

**प्रश्न ५. लिंग परिवर्तन कीजिए।**

| पुलिंग | स्त्रीलिंग | पुलिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|---|---|
| १. लड़का | लड़की | ७. घोड़ा | घोड़ी |
| २. लेखक | लेखिका | ८. नौकर | नौकरानी |
| ३. राजा | रानी | ९. माली | मालिन |
| ४. पति | पत्नी | १०. पुत्र | पुत्री |
| ५. शेर | शेरनी | ११. नाना | नानी |
| ६. मालिक | मालकिन | १२. चूहा | चुहिया |

**प्रश्न ६.रंगों के नाम लिखिए।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| १. लाल | २. नीला . | ३. हरा | ४. पीला |
| ५. काला | ६. नारंगी | ७. सफ़ेद | ८.बैंगनी |
| ९. गुलाबी | १०.भूरा | ११. फिरोजी | १२. मरून |

**प्रश्न ७. हिंदी की गिनती लिखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| १ | 1 | एक | ११ | 11 | ग्यारह |
| २ | 2 | दो | १२ | 12 | बारह |
| ३ | 3 | तीन | १३ | 13 | तेरह |
| ४ | 4 | चार | १४ | 14 | चौदह |
| ५ | 5 | पांच | १५ | 15 | पन्द्रह |
| ६ | 6 | छह | १६ | 16 | सोलह |
| ७ | 7 | सात | १७ | 17 | सत्रह |
| ८ | 8 | आठ | १८ | 18 | अठारह |

९ 9 नौ

१० 10 दस

१९ 19 उन्नीस

२० 20 बीस

**प्रश्न ८. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

१. मिर्च ________ रंग की होती है। (काला/ **लाल**)

२. आजकल ____________ के दिन है। (**सर्दियों**/ गर्मियों)

३. माला की मां ने उसे __________ दी। (माला/ **पायल**)

४. छोटे तालाब पर खूब _________ है। (**चहल-पहल**/भीड़-भाड़)

५. जोजो एक _____________ कुत्ता था। (**सफेद**/काला)

६. मच्छर जैसे कई _________ तुम्हें वहां मिलेंगे। (घुमंतु/ **उड़ाकू**)

७. हल्दी _______ रंग की होती है। (**पीले**/हरे)

८. ____________ पता नहीं कितनी होगी। (तितलियां/**मछलियां** )

९. पीला ! जैसे चमचमाता ____________ है। (**सूरज** / चांद)

१०. यहां इन दीनों ___________ आए हुए है। (कबूतर/ **सारस**)

**प्रश्न ९ . सही / गलत का निशान लगाए।**

१. यह सारस हमेशा उसी छोटे तालाब के पास रहेंगे। [×]

२. यह कहानी गर्मियों में लिखी गई है। [×]

३. तोसिया ने रसोई में रंगीन मसाले देखें। [✓]

४. तोसिया घर आकर दोपहर को सो जाती है। [✓]

५. जोजो ने ऊपर सूरज को देखा। [✓]

६. “आहा ! तो वह जामुन का पेड़ था!” [✓]

७. रात में दिशा सूरज दिखाता है। [×]

८. दिवाकर को गणित सीखने की बहुत लगन है। [✓]

९. तीन रंग पक्के दोस्त थे, लाल पीला और हरा। [×]

१०. मैं उन्हें थाथा कहती हूं। [✓]

**प्रश्न १०. संज्ञा शब्दों पर गोला लगाइए।**

आप, **राम**, आपका, **अहमदाबाद**, **आम**, साथ, यहां, वह, **कबूतर**, **पंखा**, वे, **सीता**, तुम, **शेर, नीम,** तुम्हारा, उनका, **पेंसिल**, यहां, **किताब** आदि |

**प्रश्न ११. इन वाक्यों में उचित सर्वनाम शब्द चुनकर खाली स्थान भरो।**

१. पिताजी के साथ __________ घूमने जा रहे है। (मैं /**हम**)

२. आज ________ घर आएगा। ( तुम/ **वह**)

३. रमेश ने ___________ पतंग काट दी। (**उसकी**/ हम)

४. ________ परीक्षा नजदीक है। (मेरी/ **मेरे**)

५. ___________ नाम क्या है। (**तुम्हारा**/तुम्हारी)

६. ___________ आंखें सुंदर है। (**उसकी**/उसके)

७. वह _________ मिलना चाहता है। (तुम्हारा/**तुमसे**)

८. ________ जूते चमक रहे है। (उनका/**उनके**)

**प्रश्न १२.अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखो।**

१. शहर में रहने वाला = **शहरी**

२. पिताजी की माताजी = **दादी**

३. माताजी के पिताजी = **नाना**

४. देखने वाला = **दर्शक**

५. जो गाना गाता हो = **गायक**

६. जो किसी से नहीं डरता हो = **निडर**

७. गांव में रहने वाला = **ग्रामीण**

८. जहां चार रास्ते मिलते हो = **चौराहा**

९. जो मांस मछली खाता हो = **मांसाहारी**

१०. पूजा पाठ करने वाला = **पुजारी**

**प्रश्न १३.निबंध लिखिए।**

**मेरी पाठशाला**

१. मेरी शाला का नाम पी. आई. एस. है।

२. मेरी शाला बहुत बड़ी और सुंदर है।

३. मेरी शाला में एक खेल का मैदान है।

४. मेरी शाला में पचास कमरें है।

५. मेरी शाला में पुस्तकालय है।

६. मुझे मेरी शाला बहुत प्रिय है।

**दीपावली**

१. दीपावली हिंदुओं का प्रमुख त्यौहार है।

२. दीपावली का अर्थ है "दीपो की माला "।

३. यह त्यौहार कार्तिक माह की अमावस्या को मनाया जाता है।

४. इस दिन श्री राम १४ वर्ष का वनवास बिताकर अयोध्या लौटे थे।

५. इस दिन " लक्ष्मी जी "की पूजा करते है।

६. लोग पटाखे फोड़कर खुशियां मनाते है।

७. यह त्यौहार प्रकाश और खुशियों का त्यौहार है

**प्रश्न १४. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

**प्र.१. तीन दोस्त कौन थे ? उनके नाम बताइए।**

उ.२. तीन दोस्त रंग है। लाल, पीला और नीला।

**प्र.२. सूरज को चमकदार कौन सा रंग बनता है ?**

उ.२. सूरज को चमकदार पीला रंग बनाता है।

**प्र.३. फलों का राजा कौन है ?**

उ.३. फलों का राजा आम है।

**प्र.४. मटर का स्वाद कैसा होता है ?**

उ.४. मीठा - मीठा।

**प्र.५. रात में हमें दिशा कौन दिखता है ?**

उ.५. रात में हमें दिशा चांद दिखता है।

**प्र.६. जग की प्यास कौन बुझाता है ?**

उ.६. जग की प्यास नदियां बुझाती है।

**प्र.७. जोजो किसका नाम है ?**

उ.७. जोजो कुत्ते का नाम है।

**प्र.८. जोजो किस रंग का कुत्ता है ?**

उ.८. जोजो सफेद रंग का कुत्ता है।

**प्र.९. तोसिया ने बगीचे में कौन-कौन से फूल देखें ?**

उ.९. गेंदा, चमेली, सदाबहार, गुलाब और सूरजमुखी।

**प्र.१०. तोसिया के घर कौन आया था ?**

उ.१०. तोसिया के घर नानी की सहेलियां आई थी।

**प्र.११. सर्दियों में तालाब के पास कौन सा पक्षी आता है ?**

उ.११. सर्दियों में तालाब के पास सारस पक्षी आता है।

**प्र.१२. फाख्ता पक्षी किसके जैसा दिखाई देता है ?**

उ.१२. फाख्ता पक्षी कबूतर के जैसा दिखाई देता है।

**प्रश्न १३. पक्षी का चित्र बनाकर रंग भरिए।**